के लिये संघ लोक सेवा आयोग द्वारा निकट भविष्य में कोई परीक्षा आयोजित की जायेगी ;

(ख) यदि हाँ, तो कब तथा उस परीक्षा में किन-किन श्रेणियों के कर्मचारी बैठने के लिये पात्र होंगे ;

(ग) क्या परीक्षा के साथ-साथ इन्टरव्यू भी रखा गया है ; और

(घ) यदि हाँ, तो क्या सरकार इन्टरव्यू की शर्त को हटाने के प्रश्न पर विचार करेगी जैसा कि नियमित सहायकों/अनुभाग अधिकारियों के लिए परीक्षा के मामले में व्यवस्था है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग). प्रस्तावित परीक्षा के बारे में ब्यौरे संघ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या 8 / भाग 'ख' दिनांक 22-2-69 में दिये गये हैं जिसकी प्रतिलिपि सदन के सभा पटल पर रखी गई है।

(घ) सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

हिन्दी सहायकों के नये पद

6024. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :
श्री ओम प्रकाश त्यागी :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने अब विभिन्न मंत्रालयों में हिन्दी सहायकों के नये पद बनाने का निर्णय किया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि यदि हिन्दी विभाग में कोई नये पद बनाये गये तो वे हिन्दी अनुवादकों के होंगे ;

(ग) यदि हाँ, तो ऐसे नये नियुक्त किये जाने वाले हिन्दी अनुवादकों का वेतनमान क्या होगा ;

(घ) क्या हिन्दी सहायकों के वर्तमान पदों को हिन्दी अनुवादकों के पदों में बदलने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन है ; और

(ङ) यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में कब तक निर्णय लिये जाने की सम्भावना है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख). जी हाँ, श्रीमान्।

(ग) हिन्दी अनुवादकों के पद एकल निःसंवर्ग पद हैं जिनका सृजन मंत्रालय अपनी आवश्यकतानुसार करते हैं। वे कर्त्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों को ध्यान में रखते हुए वेतनमान निर्धारित करते हैं।

(घ) जी नहीं, श्रीमान्।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

पन्त पौलीटैकनिक, दिल्ली के विद्यार्थियों द्वारा अध्ययन सम्बन्धी दौरे

6025. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :
श्री ओम प्रकाश त्यागी :

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे पन्त पौलीटेकनिक के उन विद्यार्थियों की संख्या कितनी थी जिनको हाल में अध्ययन दलों के रूप में विभिन्न स्थानों में भेजा गया था ;

(ख) प्रत्येक दल में विद्यार्थियों की संख्या कितनी थी ; और

(ग) प्रत्येक विद्यार्थी पर किराये आदि के रूप में सरकार द्वारा कितनी राशि खर्च की गयी ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) गोविन्द बल्लभ